दिनांक-25.11.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन।
- संसद का शीतकालीन सत्र आज से। 26 दिनों के सत्र में होंगी 19 बैठकें।
- मुख्यमंत्री ने कहा- प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से सदैव कुछ नया करने की मिलती है प्रेरणा।
- उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के चलते प्रदेश में ठंड बढ़ी, सबसे कम तापामान पचमढ़ी में।

प्रधानमंत्री- वैश्विक सहकारी सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के एक सौ तीस वर्षों में पहली बार वैश्विक सहकारी सम्मेलन और आम सभा का आयोजन भारत में किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री मोदी अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 पर स्मारक टिकट जारी करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस सम्मेलन में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री-विदेश दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश को वैश्विक निवेश पटल पर स्थापित करने के अपने अभियान को नई ऊंचाई देते हुए ब्रिटेन दौरे की शुरुआत कर रहे हैं। इस दौरे का उद्देश्य प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करना, वैश्विक औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देना और प्रवासी भारतीयों को राज्य की प्रगति में सक्रिय भागीदार बनाना है।

बाइट-35 सेकंड, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आज ब्रिटिश संसद में जाएंगे। यहां उनका स्वागत ब्रिटिश सांसद बैरोनेस करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, सांसद बैरोनेस वर्मा के साथ ब्रिटिश संसद का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम को टेम्स नदी में क्रूज से जलीय पर्यटन भी करेंगे। डॉक्टर यादव लंदन स्थित बेडफोर्ड-वे, रॉयल नेशनल होटल में प्रवासी भारतीयों और फ्रेंडस ऑफ एमपी के साथ मध्यप्रदेश में निवेश संबंधी चर्चा सहित कई अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

शीतकालीन सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरु होगा। 26 दिनों तक चलनेवाले इस सत्र में 19 बैठकें होंगी। हालांकि कल, 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर संसद की बैठक नहीं होगी। संविधान दिवस पर मुख्य कार्यक्रम संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में होगा, जहां 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकार किया गया था।

इससे पहले, कल सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्षी दलों से लोकसभा और राज्यसभा के सुचारू रूप से संचालन में सहयोग करने की अपील की।

जागरूकता अभियान

जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता का अभियान हम होंगे कामयाब 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया आज राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से सुबह 10 बजे अभियान की शुरूआत करेंगी। अभियान के तहत महिला सुरक्षा संवाद विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला भा आयोजित की जाएगी।

युवा महोत्सव

राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज से होने जा रहा है। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग की थीम पर केन्द्रित चार चरण में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें युवाओं द्वारा मायभारत पोर्टल पर आज से 5 दिसंबर तक सहभागिता की जा सकेगी। इसमें 15 से 29 वर्ष के युवा हिस्सा ले सकते हैं। नेहरू युवा केन्द्र, भोपाल की अधिकारी सुश्री मोनिका चौधरी ने बताया कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग" राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के भारत मंडपम में 3000 युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे। इन युवा नेताओं में से 1500 प्रतिभागियों का चयन "विकसित भारत चैलेंज" के माध्यम से माय भारत प्लेटफ़ॉर्म पर किया जाएगा।

मुख्यमंत्री-मन की बात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में मध्यप्रदेशवासियों द्वारा सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण-संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की है। यह निश्चित रूप से सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम से सदैव कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है।

मन की बात-प्रदेश-प्रतिक्रिया

आकाशवाणी पर कल मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान अंतर्गत इंदौर में पेड़ लगाने के बने रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के इंदौर में अभियान अंतर्गत 24 घंटे में 12 लाख से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं, जो बेहद सराहनीय है।

प्रधानमंत्री द्वारा इंदौर के रिकार्ड का उल्लेख किए जाने से शहर वासियों में उत्साह माहौल है। इंदौर के सांसद शंकर लालावानी ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इंदौर शहर प्रधानमंत्री के हर आव्हान पर उनके साथ हो जाता है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात में डिजिटल क्रांति में बुजुर्गों को भागीदार बनाने के लिए युवाओं द्वारा की जा रही पहल के अंतर्गत भोपाल के महेश का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा महेश ने मोहल्ले के कई बुजुर्गों को मोबाइल के माध्यम से पेमेंट करना सिखाया है। इन बुजुर्गों के पास स्मार्टफोन तो था, लेकिन उसका सही उपयोग बताने वाला कोई नहीं था।

आयुष्मान कार्ड, खरगोन-अच्छी खबर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। खरगोन जिले में इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का दल घर-घर पहुंचकर कार्ड बना रहा है।

बाइसकास्ट पीटीसी- खरगोन जिले में भी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पीएम नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष 05 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच के लिये आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान जोरो से चलाया जा रहा है। अभियान को गति देते हुए अब स्वास्थ्य महकमे ने डोर टू डोर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनाना शुरू कर दिये है। आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर जिले में चल रहे अभियान की ज्यादा जानकारी दे रहे मुख्य चिकित्सा एंवम् जिला स्वास्थ्य अधिकारी मोहनसिह सिसौदिया...

बाइसकास्ट पीटीसी- कुल मिलाकर पीएम नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप खरगोन जिले में वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान डोर टू डोर चलाकर सार्थक पहल की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिये मैं खरगोन से आशुतोष पुरोहित।

इफ्फी

55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो के परिणाम कल घोषित किए गए। टीम ग्रीन की फिल्म गुल्लू ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। इसके लिए टीम ग्रीन को 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी फिल्म के पुष्पेंद्र कुमार ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। लवफ्लिक्स सब्सक्रिप्शन फिल्म के लिए विशाखा नाइक को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

प्रतियोगिता के लिए चुने गए 100 युवा प्रतिभागियों के एक समूह को 20-20 सदस्यों की पांच टीमों में विभाजित किया गया था। उन्हें 48 घंटों के भीतर एक लघु फिल्म बनाने का काम सौंपा गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य फिल्म निर्माण के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

वहीं महोत्सव में, बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर ने भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता और फिल्म निर्माता राज कपूर को उनके शताब्दी समारोह के दौरान श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौसम

उत्तर भारत की ओर से आ रही सर्द हवाओं के चलते प्रदेश में ठंड बढ़ गई है। प्रदेश में कल सबसे कम तापमान हिल स्टेशन पचमढ़ी में 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मंडला में 7 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के सात शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही रहने के आसार हैं। पश्चिम विक्षोभ के असर से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी होने के आसार हैं। इसके बाद न्यूनतम तापमान में और गिरावट होने की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर नगर निगम 10वीं और 12वीं के टॉपर स्टूडेंट को हवाई यात्रा कराएगा। 5 छात्रों को जल्द ही महापौर जगत बहादुर अन्नू इंदौर ले जाएंगे। स्टूडेंट्स के साथ 2 टीचर भी जाएंगे।
- बालाघाट के शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में भारतीय ज्ञान परम्परा पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- डिंडोरी नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले के स्कूलों में बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए संकल्प अभियान चलाया गया।
- पन्ना जिला कलेक्टर ने जिले में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के निर्देश जारी किये हैं।
- इंदौर में आज से 29 नवम्बर तक पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर की 41वीं ईएजी पूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में 09 सदस्य देशों एवं 15 ऑब्जर्वर देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

...................................

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) मुख्यमंत्री-विदेश दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश को वैश्विक निवेश पटल पर स्थापित करने के अपने अभियान को नई ऊंचाई देते हुए ब्रिटेन दौरे की शुरुआत कर रहे हैं। इस दौरे का उद्देश्य प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करना, वैश्विक औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देना और प्रवासी भारतीयों को राज्य की प्रगति में सक्रिय भागीदार बनाना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आज ब्रिटिश संसद में जाएंगे। यहां उनका स्वागत ब्रिटिश सांसद बैरोनेस करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, सांसद बैरोनेस वर्मा के साथ ब्रिटिश संसद का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम को टेम्स नदी में क्रूज से जलीय पर्यटन भी करेंगे। डॉक्टर यादव लंदन स्थित बेडफोर्ड-वे, रॉयल नेशनल होटल में प्रवासी भारतीयों और फ्रेंडस ऑफ एमपी के साथ मध्यप्रदेश में निवेश संबंधी चर्चा सहित कई अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

(2) जागरूकता अभियान

जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता का अभियान हम होंगे कामयाब 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया आज राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से सुबह 10 बजे अभियान की शुरूआत करेंगी। अभियान के तहत महिला सुरक्षा संवाद विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला भा आयोजित की जाएगी।

(3) युवा महोत्सव

राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज से होने जा रहा है। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग की थीम पर केन्द्रित चार चरण में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें युवाओं द्वारा मायभारत पोर्टल पर आज से 5 दिसंबर तक सहभागिता की जा सकेगी। इसमें 15 से 29 वर्ष के युवा हिस्सा ले सकते हैं। नेहरू युवा केन्द्र, भोपाल की अधिकारी सुश्री मोनिका चौधरी ने बताया कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग" राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के भारत मंडपम में 3000 युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे। इन युवा नेताओं में से 1500 प्रतिभागियों का चयन "विकसित भारत चैलेंज" के माध्यम से माय भारत प्लेटफ़ॉर्म पर किया जाएगा।

(4) मुख्यमंत्री-मन की बात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में मध्यप्रदेशवासियों द्वारा सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण-संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की है। यह निश्चित रूप से सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम से सदैव कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है।

(5) मन की बात-प्रदेश-प्रतिक्रिया

आकाशवाणी पर कल मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान अंतर्गत इंदौर में पेड़ लगाने के बने रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के इंदौर में अभियान अंतर्गत 24 घंटे में 12 लाख से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं, जो बेहद सराहनीय है।

प्रधानमंत्री द्वारा इंदौर के रिकार्ड का उल्लेख किए जाने से शहर वासियों में उत्साह माहौल है। इंदौर के सांसद शंकर लालावानी ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इंदौर शहर प्रधानमंत्री के हर आव्हान पर उनके साथ हो जाता है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात में डिजिटल क्रांति में बुजुर्गों को भागीदार बनाने के लिए युवाओं द्वारा की जा रही पहल के अंतर्गत भोपाल के महेश का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा महेश ने मोहल्ले के कई बुजुर्गों को मोबाइल के माध्यम से पेमेंट करना सिखाया है। इन बुजुर्गों के पास स्मार्टफोन तो था, लेकिन उसका सही उपयोग बताने वाला कोई नहीं था।

(6) आयुष्मान कार्ड, खरगोन-अच्छी खबर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। खरगोन जिले में इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का दल घर-घर पहुंचकर कार्ड बना रहा है।

*बाइसकास्ट पीटीसी- खरगोन जिले में भी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पीएम नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष 05 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच के लिये आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान जोरो से चलाया जा रहा है। अभियान को गति देते हुए अब स्वास्थ्य महकमे ने डोर टू डोर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनाना शुरू कर दिये है। आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर जिले में चल रहे अभियान की ज्यादा जानकारी दे रहे मुख्य चिकित्सा एंवम् जिला स्वास्थ्य अधिकारी मोहनसिह सिसौदिया...*

*बाइसकास्ट पीटीसी- कुल मिलाकर पीएम नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप खरगोन जिले में वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान डोर टू डोर चलाकर सार्थक पहल की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिये मैं खरगोन से आशुतोष पुरोहित।*

(7) मौसम

उत्तर भारत की ओर से आ रही सर्द हवाओं के चलते प्रदेश में ठंड बढ़ गई है। प्रदेश में कल सबसे कम तापमान हिल स्टेशन पचमढ़ी में 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मंडला में 7 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के सात शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री

सेल्सियस से कम रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही रहने के आसार हैं। पश्चिम विक्षोभ के असर से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी होने के आसार हैं। इसके बाद न्यूनतम तापमान में और गिरावट होने की संभावना है।

--------------------